अध्यक्ष,

S.C. – S.T. आरक्षण मंच, राजस्थान

जिला इकाई ....

विषय : पदोन्नति में आरक्षण के सम्बन्ध में आने वाली कठिनाईया, समस्यायें तथा सुझाव भेजने के क्रम में।

महोदय,

जैसा आपको विदित है कि वर्तमान समय में आरक्षण के सम्बन्ध में मनुवादी शक्तियों द्वारा आरक्षण समाप्त करने की मुहिम चलाई जा रही है। न्यायालयों के निर्णय भी आरक्षण के विरोध में ही आ रहे हैं। वर्तमान सरकार का दृष्टिकोण भी सकारात्मक नहीं जान पड़ता है। ऐसी स्थिति में आरक्षण के लिये S.C. – S.T. आरक्षण मंच, राजस्थान तथा इसकी जिला इकाईयों व सदस्यों को सक्रिय रहना आवश्यक है। इसी परिपेक्ष्य में पदोन्नति में आरक्षण के सम्बन्ध में अधिक से अधिक जानकारी देने के लिये तथा समस्याओं का समाधान करने के लिये जून के अन्तिम सप्ताह में एक कार्यालय शाला का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तिथि की सूचना शीघ्र ही दे दी जायेगी।

राज्यस्तरीय कार्यकारिणी में यह निर्णय लिया गया है कि जिला इकाईयों के सदस्य तथा अन्य कर्मचारियों को पदोन्नति मे आरक्षण के सम्बन्ध में यदि कोई समस्या, कठिनाईयां हो तो सुझाव आमंत्रित किये जाये, ताकि उनको कार्य शाला के विचारार्थ रखा जा सके।

अतः आपसे निवेदन है कि पदोन्नति में आरक्षण के सम्बन्ध में जिले में किसी भी कर्मचारी को कोई समस्या, कठिनाई हो तो उनको एक्जाई करके आपसे सुझावों के साथ दिनांक 15–06–2016 तक आवश्यक रूप से प्रेषित किया जावें। यह भी ध्यान रखा जावे कि जो भी सुझाव व कठिनाई हो तो उसका विस्तृत विवरण प्रेषित किया जाये, ताकि समस्या का स्पष्ट समाधान निकाला जा सके।

मनुवादी शक्तियों द्वारा आरक्षण को समाप्त करने के प्रयास किये जा रहे हैं। अतः हमें इसका मुकाबला करने के लिए तैयार रहना है। आशा है कि आप अपने सुझाव आरक्षण मंच की ई–मेल/डाक द्वारा दिनांक 15–06–2016 तक आवश्यक रूप से प्रेषित कर देगें।

जय भीम

E-Mail Add.-
aarakshanmanch@gmail.com
Or
Vimaljp@yahoo.co.in

भवदीय

(जे.पी.विमल)
अध्यक्ष, एस.सी./एस.टी. आरक्षण मंच, राजस्थान